पंजाब केसरी 11/10/2025

# विद्यार्थियों को निवेश से जुड़ी जागरुकता, उपाय व निवेशक संरक्षण बारे दी जानकारी

अम्बाला, 10 अक्तूबर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी के वाणिज्य विभाग एस.एफ. ने अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से क्षेत्रीय निवेशक जागरुकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

इस दौरान लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में हुआ तथा कार्यक्रम के संयोजक डा. सुरेन्द्र कुमार, विभागाध्यक्ष वाणिज्य एस.एफ. रहे। कार्यक्रम में संदीप पुरी, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को निवेश से जुड़ी जागरुकता, वित्तीय साक्षरता, सुरक्षित निवेश के उपाय तथा निवेशक संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। पुरी ने सेबी की भूमिका और निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जस्मिता हांडा, सहायक प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग, एस.एफ. द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।



वक्ताओं को बुके भेंट करके उनका स्वागत करते प्राध्यापकगण। (चंदमोहन)

गीति विंद्रा, अर्थशास्त्र विभाग ने कार्यक्रम के सुगम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि रीतिका राय ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। अंत में डा. सुरेन्द्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा संसाधन व्यक्ति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्राचार्य डा. रोहित दत्त का निरंतर सहयोग एवं प्रेरणा हेतु धन्यवाद किया।

इस अवसर पर वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने छात्रों में निवेश संबंधी जागरुकता और वित्तीय समझ को प्रोत्साहित किया।